**देशभक्ति के साथ सम्पन्नता के लिए प्रेरित करना जवानों का कार्य-डॉ राजेश गुप्ता**
**सीआरपीएफ और आरपीएफ जवानों ने नौ सौ किमी की निकाली रैली**

आबू रोड, 17 जुलाई, निसं। सीआरपीएफ 100 बटालियन के सीएमओ डॉ राजेश कुमार ने कहा कि सेना के जवान किसी भी बटालियन का हो वह देश की सुरक्षा के साथ लोगों की समृद्धि और सुख शांति के लिए प्रयास करता है। अपनी नींद हराम कर दूसरों की रक्षा करता है। इसी कड़ी में महात्मा गांधी के 150वीं जयन्ति पर सीआरपीएफ की ओर से जल संवर्धन और पर्यावरण रक्षा के लिए साईकिल रैली निकाली गयी है। वे ब्रहमाकुमरीज संस्था के शांतिवन में रैली के पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा यह रैली 9 सौ किमी की यात्रा कर दिल्ली पहुंचेगी जहॉ इसका समापन होगा। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने भी जल संरक्षण तथा पर्यावरण रक्षा की पहल की है। जिसमें हम सभी को सहयोग करना है।

कार्यक्रम में मीडिया प्रभाग के अध्यक्ष बीके करुणा ने कहा कि देश के जवान हर मुसीबत में खड़े रहते है। आज पूरे देश में पानी का संकट पैदा हो रहा है तब भी जन जागृति के लिए 9 सौ किमी की साईकिल यात्रा कर जन जागरुकता ला रहे है। इस अवसर पर आईएसए माउण्ट आबू के डिप्टी कमांडेट मनोज कुमार यादव ने कहा कि हमारा प्रयास है कि देश का प्रत्येक नागरिक सुखी रहे। इसलिए सीआरपीएफ और आरपीफ ने यह मिलकर बीड़ा उठाया है।

समारोह में ओम शांति रिट्ीट सेन्टर की निदेशिका बीके आशा ने जवानों का उत्साह वर्धन करते हुए अपने मकसद में सफल होने की शुभकामनाएं दी। तथा प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जवान ही नहीं प्रत्येक नागरिक को इसमें भागीदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में सोशल एक्टिविटी ग्रुप के अध्यक्ष बीके भरत ने सभी यात्रियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

फूलों से हुआ स्वागत: साईकिल यात्रियों का शांतिवन पहुंचने पर ब्रहमाकुमारीज संस्थान की बहनों तथा भाईयों ने फूल और मालाओं से स्वागत किया। इसके साथ ही पुष्प वर्षा भी की गयी।
हर एक ने सुनाया अनुभव: कार्यक्रम के दौरान यात्रा में शामिल सेना के जवानों ने कहा कि यह जनता की सेवा का बड़ा माध्यम है। इससे ही सकारात्मक उर्जा का संचार होगा।
ईश्वरी गिफट देकर किया सम्मानित: साईकिल रैली में शामिल यात्रियों का ईश्वरीय साहित्य देकर सम्मानित किया गया।